

# भारतीय परम्परा का जीता-जागता उदाहरण है बड़ा मंगल पर भंडारा

32.77

DN VERMA · June 5, 2025

3 1 minute read

**लखनऊ :** गोमतीनगर जनकल्याण समिति की विराम खण्ड-5, उपसमिति, लखनऊ ने चौथे बड़े मंगलवार को हनुमान मंदिर, वसंती पार्क, जीवन प्लाजा आदि जगहों पर भंडारा का आयोजन किया। इस अवसर पर लोगों में आपसी भाईचारे और बजरंगबली में आस्था को दर्शाया गया और गरीब तबके के लोगों को प्रसाद के रूप में अच्छा खाना उपलब्ध कराया गया। यह आयोजन भारतीय परम्परा का एक जीता-जागता उदाहरण है।

इसके अलावा, विराम खण्ड-5 के विजय कुमार चोपड़ा की पूज्य माताजी पुष्पा चोपड़ा को उनके 100वें जन्मदिन पर बधाई दी गई। इस शुभ अवसर पर उनका हृदय से शतायु आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। यह महत्वपूर्ण जन्मदिन उनकी स्थायी भावना और विरासत का प्रमाण है। इसी दिन विजय कुमार श्रीवास्तव के घर पर सुन्दर पाठ के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया।



उल्लेखनीय है कि समिति की पिछली बैठक जो 27 अप्रैल 2025 को रवी अग्रवाल के घर पर आयोजित हुई थी, जिसमें अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह, सचिव अरुण त्रिवेदी, डॉ. आर.पी. शर्मा, इंजी. विजय चोपड़ा, रवी अग्रवाल आदि के साथ पार्षद अरुण तिवारी भी उपस्थित हुए थे और विराम-5 की मुख्य समस्याओं जैसे जीवन प्लाजा में पार्किंग न होने से तथा राम भुवन के सम्मुख ठेलों के अतिक्रमण आदि से सड़क पर आने-जाने में अवरोध उत्पन्न होता था। समिति ने पार्षद को उनके तात्कालिक कार्यवाही के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**DN VERMA**